# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,


पत्रांकः—सी0ओ0ई0/31 /2025 दिनांकः 19 अप्रैल, 2025

**सेवा में,**

**प्राचार्य/प्राचार्या**
**सम्बद्ध महाविद्यालय**
**राजा महेन्द्र प्रताप सिंह वि0वि0**
**अलीगढ़।**

**विषयः महाविद्यालयों में कार्यरत अनुमोदित शिक्षकों का विवरण प्रेषित करने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 24.03.2025 के मद संख्या – 23.12 में निर्णय लिया गया है कि ''परीक्षा समिति द्वारा अगामी परीक्षा में प्रायोगिक /मौखिक परीक्षा हेतु सम्बन्धित महाविद्यालय के चयनित/विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शिक्षकों को ही सम्बन्धित विषय में आन्तरिक परीक्षक बनाए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। आन्तरिक परीक्षकों की नियुक्ति सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा की जाएगी। महाविद्यालयों में चयनित/विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शिक्षकों के पद रिक्त होने अथवा शिक्षकों के अनुपलब्ध होने की दशा में आन्तरिक परीक्षकों की नियुक्ति भी विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी। प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा हेतु बाह्य परीक्षकों को पूर्व की भॉति विश्वविद्यालय द्वारा नामित किया जाएगा। महाविद्यालयों द्वारा महाविद्यालय में चयनित/विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शिक्षिकों की सूची विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर विश्वविद्यालय को उपलब्ध करायी जाए।''

परीक्षा समिति के उक्त निर्णय के अनुपालन में महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का विवरण कॉलेज लॉगिन में उपलब्ध लिंक के माध्यम से दिनांक 30.04.2025 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि तक शिक्षकों का विवरण प्रेषित न करने की स्थिति में आगामी परीक्षा हेतु आन्तरिक परीक्षक विश्वविद्यालय द्वारा नामित किये जायेगें।

19/04/25

**(अजय कृष्ण यादव)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—**

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. गार्ड फाईल।

**परीक्षा नियंत्रक**

Scanned with OKEN Scanner